तापमान
अधिकतम 12.0 डिग्री
न्यूनतम 3.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, गुरुवार, 4 जनवरी, 2024

10 नागरिक अस्पताल के लैब में टेस्ट सामग्री खत्म



11 क्षमता से ज्यादा पेराई कर रहा चीनी मिल, किसान खुश



## खेतों में टावर लगाने के विरोध में उतरे किसान



**खरखौदा।** फिरोजपुर बांगर के समीप खेतों में बिजली टावर लगाने का किसान विरोध कर रहे हैं। जिसके लिए किसान अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। जिसमें दिल्ली प्रदेश के किस भी शामिल हैं। किसान जगबीर सिंह, नरेश, धर्मपाल, पारस, लक्ष्मी, कृष्ण, उमेद सिंह, रणबीर व प्रकाश राणा ने बताया कि किसानों की खेत में खड़ी फसल पर बिना उनकी सहमति के बिजली टावर लगाने का काम किया जा रहा है। औचंदी बॉर्डर पर 765 केवी की ग्रिड का कार्य चल रहा है। जिसके लिए खेतों में टावर लगाए जा रहे हैं। किसानों द्वारा जिसका विरोध किया जा रहा है। आंदोलन को तेज करने के लिए 4 फरवरी को महापंचायत बुलाई गई है।









**खबर संक्षेप**

### डिपो धारकों का मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन

**गोहाना।** शहर में राशन डिपो धारकों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। डिपो धारक यूनियन की गोहाना इकाई के अध्यक्ष दलबीर आर्य ने कहा कि डिपो धारकों का 60 वर्ष की आयु के बाद लाइसेंस रद न किया जाए। न्यूनतम मासिक मानदेय 30 हजार रुपये नर्धारित किया जाए। 60 वर्ष के बाद उनको विशेष पेंशन का लाभ दिया जाए और आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाए।

### सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**गोहाना।** जनचेतना मंच और समतामूलक महिला संगठन के कार्यकर्ताओं ने भी सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। डा. सुनीता त्यागी और रघुबीर विरोधिया ने कहा कि सावत्रीबाई ने बेटियों को शक्षिति करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर रितू विरोधिया, जया विरोधिया, सूरजभान चहल, अशोक जांगड़ा, मदन अत्री, श्याम, अशोक, महेंद्र, वीरमति मौजूद रहे।

### लोसुपा ने ज्योतिबा फुल की जयंती मनाई

**गोहाना।** लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. विनोद मोहाना की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई के स्मारक पर पुष्प अर्पित किए। जिलाध्यक्ष ने दोनों के जीवन के संघर्ष और उनके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष बबलू बेडवाल, रामभगत फौजी, जगबीर जुआं, सोनू सैन, पार्षद राम सिंह सैनी, रणधीर सैनी मौजूद रहे।

### पवन स्नातक अध्ययन बोर्ड के सदस्य नियुक्त

**गोहाना।** भक्त फूल सिंह महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने राजकीय महिला कालेज गोहाना के एसोसिएट प्रो.पवन लठवाल को विवि के स्नातक अध्ययन बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया है। पहले स्नातकोत्तर अध्ययन बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया था। स्नातक अध्ययन बोर्ड का काम नए सत्र से शुरू हो रही नई शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम व इतिहास और पुरातत्व इतिहास से जुड़े अनेक मामलों को सुलझाने का काम होगा।

### श्रीराम मंदिर का लोकार्पण होगा ऐतिहासिक क्षण

**गोहाना।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के दौरान सांसद रमेश कौशिक ने लोगों को अयोध्या में श्रीराम के दर्शनों का निमंत्रण देते कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर को लोकार्पित करेंगे। यह ऐतिहासिक क्षण होगा, जिसके हम साक्षी बनेंगे। यह हमारा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि मंदिर के लोकार्पण उपरांत भी बढ़-चढकर दर्शनों के लिए जाएं।

### सफाईकर्मियों की दूसरे दिन हड़ताल समाप्त

**सोनीपत।** सीटू से संबंधित शहरी ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन के बैनर तले ठेका सफाई कर्मचारियों ने निगम वे ठेकेदारों द्वारा कर्मचारियों की गैर कानूनी कटौतियों के विरोध में ठेका सफाई कर्मचारियों ने दूसरे दिन हड़ताल को खत्म कर दिया। नगर निगम की जॉइंट कमिश्नर अंकित वर्मा की अध्यक्षता में यूनियन के सचिवमंडल के साथ ठेका सफाई कर्मचारियों की मांग मुद्दों पर सहमति बनी है।

## सावित्रीबाई फुले जयंती पर महिला शिक्षा में उनके योगदान को किया गया याद

# सावित्रीबाई फुले ने जगाई महिला शिक्षा की अलख : जितेंद्र

### देश की प्रथम महिला शिक्षक के पदचिन्हों पर चलकर समाज को नई दशा और दिशा देने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

मटिंडू बाईपास स्थित सावित्रीबाई फुले पार्क में उनकी जयंती पर हवन यज्ञ व प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर खरखौदा शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने हवन यज्ञ आहुति डाली। प्राध्यापक मास्टर जितेंद्र ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने उन विषम परिस्थितियों में महिला शिक्षा की अलख जगाई जिस समय महिलाओं की शिक्षा पर पूरी तरह से प्रतिबंध था। वे पहले खुद पढ़ी फिर उन्होंने स्कूल खोला और लड़कियों को शिक्षित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि जब वह महिलाओं को पढाने के लिए स्कूल जाती थी तो उन पर शरारती तत्व कीचड़ भी फेंकते थे। लेकिन उन्होंने हार न मानकर अपनी किताबों के साथ अपनी एक ड्रेस भी लेकर जाती थी, ताकि कीचड़ लगी हुई ड्रेस को बदल ले और बच्चियों को शिक्षित करें। उस समय उन पर पत्थर भी फेंके जाते थे, लेकिन वे निरंतर आगे बढ़ती रही । आज उन्हीं के कठोर परिश्रम से समाज में नारी शिक्षा का उत्थान हुआ और शिक्षित होकर महिलाएं देश के उच्च से उच्च पदों पर पहुंच रही है। इस तरह की महान शख्सियत के बारे में हम सबको जागरूक होना चाहिए और उनके बताए हुए रास्तों पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज उनके पदचिन्हों पर चलकर समाज को एक दशा और दिशा देने की जरूरत है, ताकि हमारी पीढियां उनके संघर्ष को जान सकें और आगे बढ़ने की प्रेरणा ले सकें। इस अवसर पर मुकेश सैनी ने 21 हजार रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर समिति प्रधान कप्तान सिंह, उप प्रधान राजेंद्र सैनी, राजेश, अजीत सैनी, श्यामपाल सैनी, मदन कुमार, प्रवीन, ओमप्रकाश, मुकेश सैनी, लालचंद, रामकंवार, बलवान सहित व्यक्ति उपस्थित रहे।



खरखौदा। सावित्रीबाई फुले जयंती पर हवन यज्ञ करते गणमान्य व्यक्ति।



सोनीपत। पुष्प अर्जित करते पदाधिकारी व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती मनाई

**सोनीपत।** शहर के अम्बेडकर भवन, में दी अम्बेडकर एजूकेशनल सोसायटी द्वारा भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 194वीं जंयती श्रृद्धा एवं सम्मान पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सावित्रीबाई फुले की जंयती को राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस के रूप में मनाने के लिए जिला प्रशासन से मांग की जायेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची डा. किरणलता ने कहा कि वह उक्त मांग को गत दस वर्षो से करते आ रहे है। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की शिक्षा को विशेष ध्यान देने पर जोर दिया जायेगा। हर जररूतमंद महिलाओं की रक्षा व सुरक्षा में सभी का सहयोग होना चाहिए। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सत्यवान भाटिया ने समाज में एकता बनाएं रखने पर ध्यान देने पर जोर दिया। इस अवसर पर अश्वनी मदान, धर्मबीर, जवाहर, जयभगवान, डा. अजय कोहली, आमोस, गौरव, रवि कुमार, सचिन कुमार, कृष्णा देवी, तिलक राज सहित अन्य मौजूद रहे।

### महिलाएं सशक्त से देश मजबूत बनेगा

गोहाना। गांव बड़ौता स्थित राजकीय महावद्यिालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा बुधवार को महिला सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता राजकीय महिला महावद्यिालय रोहतक की एसोसिएट प्रोफेसर डा. मीनू नैन ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं का सशक्त होना बहुत जरूरी है। महिलाएं सशक्त होंगी तो एक सभ्य समाज व सशक्त देश का नर्मिाण हो सके सकेगा। महिला सशक्तिकरण के रास्ते में प्रमुख रूप से दहेज प्रथा, अशक्षिा, यौन हिंसा, भ्रूण हत्या, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा आदि रूकावट पैदा करने वाले विषयों के प्रति सोच बदलनी होगी। महिलाएं सकारात्मक रूप से सशक्त हों नकारात्मक रूप में नहीं। कार्यक्रम का संयोजन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी शान देवी ने किया। अध्यक्षता प्राचार्य डा. सुदेश लाठर ने की। कार्यक्रम में डा. ज्योति, महक, अनिल बडगूजर, डा. राजेश डावर, डा. कविता राठी, ज्योति रानी, निकिता, डा. गीता और संतोष ग्रेवाल का सहयोग रहा।



गोहाना। सावित्रीबाई फूले के चत्रि पर पुष्प अर्पित करते नागरिक। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपा नेता व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### फुले ने जीवन को मिशन की तरह से जीयाः जैन

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जीया जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित माताओं को शिक्षित बनाना। वे एक कवियत्री भी थीं उन्हें मराठी की आदि कवियत्री के रूप में भी जाना जाता था। बुधवार को महावीर कॉलोनी सिथत सामुदायिक केंद्र में सावित्री बाई फुले की जयंती श्रृद्धा से मनाई गई और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। सावित्री बाई फुले भारत में पहले बालिका विद्यालय की प्रिंसिपल बनी और किसान स्कूल की स्थापना की। उन्होंने महिला शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य कर महिलाओं के कल्याण एवं उत्थान के लिए योगदान दिया। राजीव जैन ने बताया कि जब वे स्कूल जाती थीं, तो विरोधी लोग उन पर पत्थर मारते थे। उन पर गंदगी फेंक देते थे। आज से 191 साल पहले बालिकाओं के लिये जब स्कूल खोलना पाप का काम माना जाता था तब उन्होंने स्कूल खोलकर महिलाओं के लिए शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया । सावित्री बाई पूरे देश की महानायिका है। पार्षद हरि सैनी ने कहा कि उस समय महिलाओं की शिक्षा पर सामाजिक पाबन्दी थी, उन्होंने समाज का विरोध सहकर खुद भी पढाई की और लड़कियों को पढ़ने का भी बंदोबस्त किया। उन्होंने कहा कि आज महिलायें हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही है, यह सब कुछ सावित्री बाई फुले की वजह से संभव हो पाया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार झाम्ब, सुरेंद्र प्रजापत, बलबीर सिंह तोमर, नरेश चोपड़ा, ओम प्रकाश, यशपाल मदान, संजीव कुमार, सुभाष, रीतू, रेखा, पूनम, रीता, पुष्पा देवी, कोमल, संतोष, पुष्पा, संगीता, प्रिया मनीषा, भारती, अंजू, सीमा, दिव्या उपस्थित रहे।

### देश की प्रथम महिला शिक्षक की जयंती मनाई

गोहाना। क्षेत्र के सामाजिक संगठनों ने देश की प्रथम महिला शक्षिक सावत्रीबाई फुले को जयंती धूमधाम से मनाई। शहर में पानीपत रोड स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। पिछड़ा एवं अनुसूचित समाज गोहाना के संरक्षक प्रोफेसर शमशेर भंडेरी ने कहा कि माता सावत्रीबाई फुले का जन्म महाराष्ट्र में हुआ था। उनका विवाह महात्मा ज्योतिबा फूले के साथ हुआ। दोनों महान विभूतियों ने मिलकर समाज के सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सावत्रीबाई भारत की पहली महिला शक्षिक हुई, जन्हिोंने बालिकाओं की शक्षिा को आगे बढ़ाने के लिए कई बालिका वद्यिालयों की स्थापना की थी। इस मौके पर अध्यक्ष धुला राम, कोषाध्यक्ष सोमपाल सैन, सचिव जितेंद्र जांगड़ा, रामू रामपाल, बब्लू, सोनु सैन, नरेश प्रजापति मौजूद रहे।

# बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन

- 23 जनवरी को सर्किल स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऑल हरियाणा पावर कॉपरेशन वर्कर यूनियन की केंद्रीय कमेटी द्वारा बनाए गए प्रोग्राम अनुसार फाजिलपुर परिसर में धरने का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सिटी यूनिट सचिव विकास दहिया ने की तथा संचालन सिटी अर्बन सचिव दिनेश ने किया। मीटिंग में सर्कल सचिव देवेंद्र दहिया ने भाग लिया। मीटिंग में सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान देशराज में राज्य प्रभारी विजेंद्र चहल व संघ जिला सचिव सुनील वत्स ने भाग लिया मीटिंग को संबोधित करते हुए राज्य प्रभारी चहल ने बताया कि सर्व कर्मचारी संघ 4 फरवरी को रोहतक में बड़ी रैली करेगी। मीटिंग को सर्कल सचिव देवेंद्र दहिया ने बताया कि 23 जनवरी 2024 को सर्किल स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा।

मीटिंग के दौरान प्रधान विजेंद्र चहल, राजेश कुमार, जितेंद्र, पदम, नरेंद्र, नवीन, बलबीर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों की मांग है कि कच्चे कर्मचारियों को जल्द से जल्द पक्का किया जाए। सम्मान काम सम्मान वेतन की व्यवस्था की जाए। कर्मचारियों ने मांग की की प्रदेश सरकार उनकी पुरानी पेंशन को बहाल करें। कार्य करते समय जोखिम लाइनों पर भत्त अलग से कर्मचारियों को दिया जाए।



सोनीपत। रोष-प्रदर्शन करते कमेटी के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

# डाइवरों की हड़ताल समाप्त, यात्रियों को राहत

- हरिद्वार, बागपत, बड़ौत व देहरादून आदि रूट भी खुले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिट एंड रन को लेकर केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नए बिल के खिलाफ किलोमीटर स्कीम के तहत बस चलाने वाले चालकों की हड़ताल देर रात को समाप्त होने की घोषणा के बाद अलग सुबह बस स्टैंड पर पहुंची यात्रियों के लिए राहत लेकर आई।

दो दिनों से बंद हरिद्वार, बागपत, बड़ौत व देहरादून आदि रूटों पर भी बसें चली। जिसके चलते बस यात्रियों को काफी राहत मिली। वहीं रोडवेज कर्मचारियों के सांझा मोर्चा द्वारा भी हड़ताल को आगामी आदेशों तक टाल दिया गया। बता दें कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2023 में एक नया बिल पेश किया है। जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना होने पर चालक अगर मौके से फरार हो जाता है तो उसे 10 साल की सजा व 7 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। चालक इस कानून को वापस लेने की मांग कर रहे थे। बीती देर शाम चालक एसोसिएशन के साथ सरकार की राष्ट्रीय स्तर पर बैठक हुई थी, जिसके बाद हड़ताल को वापस ले ली गई थी। ऐसे में बुधवार सुबह से ही सभी चालक बसों पर लौट आएं।

वहीं दूसरी तरफ हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को सोनीपत बस डिपो में सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर बाद 1 बजे तक धरना प्रदर्शन करने वाले थे। लेकिन रोडवेज कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन को रद्द कर दिया। सभी रोडवेज कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात रहे। बुधवार को 100 से अधिक बसों को सड़को पर उतारा गया। ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



सोनीपत। बस परिसर में रूटों के स्टैंड पर खड़ी बसें। फोटो :हरिभूमि

### सभी रूटों पर बसें चली

हड़ताल समाप्त कर चालक काम पर लौट चुके है। जिसके बाद सभी बसों को रूटों पर चलाया गया। उत्तर प्रदेश, राजस्थान व उत्तराखंड के बंद रूटों पर भी निर्धारित बसें भेजी गई। यात्रियों को हर संभव सुविधा देने का काम किया जा रहा है।

*राहुल जैन, जीएम सोनीपत।*



खरखौदा। शिक्षकों को जानकारी देते प्रशिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### उचित कार्रवाई के लिए कमेटी बनाने के निर्देश दिए

**खरखौदा।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय खरखौदा में पोक्सो एवं पोश अधिनियम के संदर्भ में खंड के सभी राजकीय विद्यालय मुखियाओं के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता खंड संसाधन समन्वयक कुलदीप सिंह सांगवान ने की। लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी देने के लिए एडवोकेट उषा रानी व सीडीपीओ (कथूरा) निर्मला देवी कार्यशाला में मौजूद रही। उन्होंने अधिनियम संबंधित नियमों, धाराओं, सजा, जुर्माना आदि के विषय में सभी विद्यालय मुखियाओं को विस्तृत जानकारी दी। इसकी रोकथाम व इस पर उचित कार्रवाई के लिए प्रत्येक विद्यालय में एक कमेटी बनाई जाने संबंधी दिशा-निर्देश दिए। कार्यशाला के आरंभ में पोक्सो अधिनियम के विषय में सभी प्रतिभागियों से एक ऑनलाइन प्री-टेस्ट करवाया गया। जिससे वह स्वयं यह जान सकें कि उन्हें इससे संबंधित पूर्व जानकारी कितनी है। कार्यशाला के समापन पर सभी से फीडबैक भी लिया गया। सभी ने अपने-अपने अनुभव भी साझा किए। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में संजीव रावल, डॉ नवीन कुमार, किरण डारोलिया व सुमन देवी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

# नागरिक अस्पताल में टेस्ट सामग्री खत्म

- लैब में टेस्ट सामग्री न होने से मरीजों की परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल के लैब में टेस्ट सामग्री न होने के चलते मरीजों की परेशानी बढ़ गई। अस्पताल प्रबंधन ने जल्द से जल्द सामग्री उपलब्ध करवाने की बात कही है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में हर रोज करीब 1200 मरीजों की ओपीडी का रजिस्ट्रेशन होता है। ऐसे में चिकित्सक मरीज की जांच के लिए जरूरी टेस्ट लिखते है। अस्पताल के लैब में हर रोज करीब 260 मरीज टेस्ट के लिए पहुंचते है। लैब में बुधवार को टेस्ट करने की सामग्री न होने से एचबी, सीबीसी व केएफटी टेस्ट नहीं हुए। दूर दराज से आए लोग परेशान होकर वापिस लौट गए। मरीजों ने समस्या के समाधान की मांग की। मरीजों ने कहा कि सुबह जल्दी अस्पताल आए थे, ताकि इलाज जल्दी मिल सके। लेकिन डॉक्टर ने जो टेस्ट पर्ची पर लिखे वह लैब नहीं हुए। लैब पर पहुंचें तो यहां कर्मचारी ने बताया कि जो टेस्ट होने हैं उनकी सामग्री नहीं है। सामग्री आने पर ही टेस्ट हो सकेंगे। यह सुनकर उन्हें निराश होना पड़ा।



लैब में टेस्ट के लिए लाइन में लगे मरीज।

### आर्डर दिया

मरीजों को बेहत्तर उपचार मिल सके उसके लिए अस्पताल प्रबंधन प्रयासरत है। टेस्ट सामग्री को आर्डर दिया जा चुका है। जल्द से जल्द सामग्री आने के बाद लैब में मुहैया करवा दी जायेगी। जरूरत पड़ने पर लोकल खरीद भी करेगें। मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जायेगी। *डा. लोकवीर, प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।*




गोहाना। पदक विजेताओं को सम्मानित करते हुए प्रबंधक राजेश कुमार और उप प्रबंधक वक्रिांत कुमार। फोटो : हरिभूमि

### दून पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने जीते 6 स्वर्ण पदक

**गोहाना।** गोहाना-पानीपत मार्ग पर स्थित दून पब्लिक स्कूल ने गुजरात के सूरत शहर में हुई राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग बास्केटबॉल में 6 स्वर्ण पदक जीते। बुधवार को स्कूल में स्वर्ण पदक जीतने वाले बच्चों को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। प्राचार्या ज्योति छाबड़ा के अनुसार सूरत स्थित आरएमजी माहेश्वरी स्कूल में नेशनल लेवल की रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप आयोजित की । चैम्पियनशिप में उनके स्कूल के कक्षा 5 के 5 छात्रों-अंश, आयुष्मान, रिहान, चिराग और विहान तथा कक्षा 9 के एक छात्र हंस सरदाना ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। स्कूल के प्रबंधक राजेश कुमार और उप प्रबंधक वक्रिांत कुमार ने छहों पदक विजेता बच्चों को सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भवष्यि की मंगलकामना की।

# पदक विजेताओं का सम्मान

- रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में ओपीएस के मेधावी छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सूरत में आयोजित राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग बास्केटबॉल चैंपियनशिप के अंडर-11 और अंडर-14 आयु वर्ग में जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल (ओपीएस)के वद्यिार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। पदक विजेताओं को बुधवार को स्कूल में एमडी नर्मिल लाठर ने पदक व ट्राफी देकर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य मनजीत खासा ने की और संयोजन उप प्राचार्य रेखा बजाज का रहा। प्राचार्य मनजीत खासा के अनुसार गुजरात के सूरत में 28 से 30 सितंबर तक 6वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग बास्केटबॉल चैंपियनशिप आयोजित की गई। इस चैंपियनशिप में गुजरात सहित हरियाणा, पंजाब, दल्लिी, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों से खिलाडिय़ों ने भाग लिया। चैंपियनशिप में अंडर-11 आयु वर्ग में ओपीएस के खिलाड़ी दैविक, वंश, शिवम और अंडर-14 आयु वर्ग में अखिल, कार्तिक, अभिराज और अंश ने हरियाणा की टीम का प्रतिनधित्वि करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। इन दोनों आयु वर्ग के फाइनल मुकाबलों में हरियाणा की टीम ने तमिलनाडू की टीम को पराजित किया।



विजेता खिलाड़ी एमडी निर्मल लाठर, प्राचार्य मनजीत खासा व उप प्राचार्या रेखा बजाज के साथ।

## सांसद ने गोहाना पुलिस को भेंट की दस मोटरसाइकिलें व एक जीप

# जल्द विकसित होंगे एचएसवीपी के दो नए सेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि गोहाना एचएसवीपी के 2 नये सेक्टर विकसित किए जाएंगे। इससे गोहाना विकास पथ पर तीव्र गति से अग्रसर होगा, जिसका सीधा लाभ गोहानावासियों को मिलेगा। वे बुधवार को सिंचाई विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इसके बाद उन्होंने पुलिस को भेंट की गई 10 मोटरसाइकिलों और 1 जीप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गोहाना में सेक्टर-13 व सेक्टर-16 को अति शीघ्र विकसित करवायेंगे, जिससे लोगों को बेहतरीन आवासीय सुविधाएं मिलेगी। इससे क्षेत्र के विकास को भी बल मिलेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सांसद के नाते ऐसा कोई कार्य शेष नहीं है जो उनके लोकसभा क्षेत्र में न हुआ हो। राष्ट्द्रीय राजमार्गों के साथ रेलवे परियोजनाओं ने क्षेत्र के विकास को विशेष बल प्रदान किया है। गोहाना के रेलवे स्टेशन को भी अत्याधुनिक रूप में विकसित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने अन्य विकास परियोजनाओं की भी वस्तृित जानकारी दी। सांसद रमेश कौशिक ने मातण्ड में करीब 15 लाख रुपये की लागत से नवनर्मिति वाल्मीकि चौपाल व अनुसूचित जाति की चौपाल और बिचपड़ी में विभन्नि सडक़ मार्गों को लोकार्पित किया। इस अवसर पर सांसद ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी कोई भी मांग शेष नहीं रहने दी जाएगी। विकास की गति जारी रहेगी। इस अवसर पर डीसीपी भारती, एसडीएम आशीष कुमार, भाजपा के जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, जसबीर दोदवा, इंद्रजीत विरमानी, बलराम कौशिक, प्रदीप, राजेश, सतपाल आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



गोहाना। पुलिस को भेंट की जीप को रवाना करते सांसद रमेश कौशिक।

### पुलिस की गश्त बढ़ेगी

सांसद ने कहा कि पुलिस को जनसेवा व जनसुरक्षा को मजबूती देने के लिए कुछ मोटरसाईकिलों की आवश्यकता थी, जिसे पूरा कर दिया गया है। यह मोटरसाइकिल व जीप एंबुलेंस सेवा के रूप में लोगों को सेवाएं प्रदान करेंगी। साथ ही चप्पे-चप्पे की निगरानी के लिए गश्त भी की जाएगी। इससे लोगों को पुलिस सेवा और बेहतरीन रूप में मिलेगी।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय जूडो में सृष्टि ने जीता कांस्य पदक

**सोनीपत।** खेलो इंडिया वूमेन लीग राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में इंडियन पब्लिक स्कूल की सृष्टि ने कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता 25 से 28 दिसंबर तक लखनऊ में आयोजित की गई थी। जिसमें इंडियन स्कूल की जूडो खिलाड़ी सृष्टि ने 57 किलोग्राम में भाग लेकर पदक जीत राज्य व जिले का नाम रोशन किया। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह गाहल्याण ने विजेता खिलाड़ी को पदक व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

### भारोत्तोलन व कुश्ती का आयोजन आज से

**सोनीपत।** सेक्टर-15 स्थित डीएवी मल्टीपरपज पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय स्तरीय भारोत्तोलन व कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 4 से 8 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। स्कूल प्राचार्य एवं एआरओ हरियाणा जोन वीके मित्तल ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्तराखंड, झारखंड, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा के करीब 1200 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है।

### चोरी की वारदात में शामिल आरोपित काबू

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने चोरी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संदीप निवासी सांदल कलां हाल में भीम नगर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी हितेंद्र ने गत 29 दिसंबर को शिकायत देकर बकताया कि उसके घर से किसी ने लैपटॉप सहित अन्य सामान को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जीवन नगर में संदिग्ध हालत में युवक का शव फंदे से लटका हुआ मिला। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। रूप नगर पंजाब हाल में न्यू जीवन नगर निवासी सलमान काफी दिनों से मानसिक परेशान चल रहा था।

### दुकान का शटर तोड़कर सामान व राशि चोरी

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के न्यू जीवन नगर स्थित दुकान का शटर तोड़कर चोर सिगरेट व नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। न्यू जीवन नगर निवासी सुनील शर्मा ने बताया कि वह तीन दशक से किराना, जूस, चाय की दुकान चलाते हैं। उनकी दुकान का शटर तोडकर चोर विभिन्न सिगरेट की 90 डिब्बी, दो हजार रुपये की नकदी की चोरी कर ली।

### ऑनलाइन बुक करने वाले किसानों की संख्या बढ़ी, हर रोज 20 हजार क्विंटल गन्ना हो रहा बुक

# क्षमता से ज्यादा पेराई कर रहा चीनी मिल, अब तक करीब सात लाख छह हजार क्विंटल गन्ने की हो चुकी है पेराई



**सोनीपत।** जानकारी देते हुए चीनी मिल एमडी।



**सोनीपत।** कांटे पर गन्ना डालते हुए मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दी सोनीपत सहकारिता चीनी मिल में वर्ष 2023-24 का पेराई सत्र तेज रफ्तार से चल रहा है। प्रबंधन की तरफ से पेराई सत्र को क्षमता से ज्यादा व सुरक्षित चलाया जा रहा है। पेराई सत्र की रफ्तार से गन्ना उत्पादकों में खुशी की लहर है। मिल में गन्ना डालने वाले उत्पादकों के लिए तैयार हुआ एप संजीवनी बुटी का काम कर रहा है। गन्ना उत्पादक एप के जरिए हर रोज करीब 20 हजार क्विंटल गन्ना बुक कर रहे है। समय रहते मिल में गन्ना लेकर पहुंच रहे है। जिसके चलते उन्हें समय की बचत हो रही है। मिल प्रबंधन की तरफ से गन्ना उत्पादकों की सुविधा के लिए जरूरी कदम उठाने का काम किया जा रहा है।

बता दें कि शहर के कामी रोड स्थित दी सहकारिता चीनी मिल में वर्ष 2023-24 को विधिवत गत 23 नवंबर को सांसद रमेश कौशिक के हाथों से करवाया गया। हालांकि यार्ड में समय पर गन्ना न पहुंचने से मिल प्रबंधन को परेशानी उठानी पड़ी थी। त्यौहारी सीजन के चलते गन्ना उत्पादकों को शुरूआती दिनों में श्रमिक नहीं मिल रहे थे। जिसके चलते मिल में गन्ना पहुंचने में असमर्थ हो रहे थे। मिल में प्रर्याप्त मात्रा में गन्ना आने के बाद तेज रफ्तार से चल रहा है। मिल की प्रतिदिन पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल है। हाल के दिनों में पेराई सत्र मिल की पेराई क्षमता से ज्यादा चल रहा है। मिल प्रबंधन की तरफ से 22 हजार 500 क्विंटल गन्ने को हर रोज पिरा जा रहा है। ऐसे में किसानों में खुशी की लहर है। वह समय पर गन्ना मिल में लेकर पहुंच रहे है। समय पर गन्ने की पेराई होने पर मिल प्रबंधन का धन्यवाद भी कर रहे हैं।

#### आधुनिक हुई एप की सुविधाएं

चीनी मिल द्वारा तैयार किए एप को इस पेराई सत्र के लिए और भी आधुनिक बनाने का काम किया है। एप में घर बैठे टोकन बुक करने की सुविधा को जोड़ा गया है। किसान अपने घर पर एप के जरिए अपने बॉड के आधार पर बुक कर पा रहे है। उसके बाद कांटे पर चल रहे टोकन को ऑनलाइन देखते हुए समय पर चीनी मिल में पहुंच रहा है। किसानों का जहां पहले करीब 10 से लेकर 14 घंटे का समय कांटे पर पर्ची डालने के लिए होता था। एप पर हुई सुविधा में वह महज घर से आने व गन्ना डालने का मात्र दो घंटे की रह गई है। हर रोज किसान मोबाइल के जरिए व एप की सुविधा के चलते 20 हजार क्विंटल गन्ना प्रतिदिन बुक करके मिल में पहुंचा रहे है।

#### किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा एप

चीनी मिल का पेराई स्तर बेहद अच्छा चल रहा है। मिल कर्मचारियों व किसानों के सहयोग से पेराई सत्र को चलाने में कामयाब हो रहे है। उम्मीद है कि पेराई स्तर ऐसे ही चलता रहेगा। वहीं इंजीनियर की तरफ से तैयार एप किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। किसान ऑनलाइन गन्ना ज्यादा से ज्यादा बुक करने में दिलचस्पी ले रहे है। ऐसे में उनका समय भी बच रहा है।

-**संजय सिंह**, एमडी, चीनी मिल सोनीपत

#### 33 लाख 500 क्विंटल गन्ने का हुआ करार

चीनी मिलके साथ करीब 1850 गन्ना उत्पादक जुड़े हुए है। हर वर्ष की भांति मिल प्रबंधन व गन्ना उत्पादकों के साथ गन्ने का बांड फाइनल हो रखा है। मिल प्रबंधन व गन्ना उत्पादकों के साथ वर्ष 2023-24 के लिए कुल 33 लाख 50 हजार गन्ने का करार हो रखा है। मौजूद समय में मिल प्रबंधन की तरफ से करीब सात लाख छह हजार गन्ने की पेराई की जा चुकी है।

#### गन्ना उत्पादकों को हुई सुविधा

चीनी मिल सोनीपत में तैनात इंजीनियर राकेश कुमार की तरफ लाखों रुपये कीमत से तैयार होने वाले उक्त एप को फ्री में तैयार कर गन्ना उत्पादकों को सौगात देने का काम किया था। उसके बाद उक्त एप को चौ. देवीलाल चीनी मिल में भी प्रयोग किया जा रहा है। एप से जिले के गन्ना उत्पादकों को फायदा पहुंचा था। जिससे उनकी भागदौड़ में काफी हद तक कमी आई है। मिल प्रबंधन व जिला प्रशासन की तरफ से इंजीनियर को सम्मानित करने का काम किया गया था। हाल के दिनों में एप किसानों के लिए संजीवनी बुटी का काम कर रहा है।

## स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

प्रताप सिंह मैमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा में चल रहे साप्ताहिक एनएसएस कैंप के तीसरे दिन का शुभारंभ योगाभ्यास से किया गया। एन एस एस स्वयंसेवकों ने बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ संबंधी जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली प्रताप स्कूल से खरखौदा के मुख्य मार्गों से निकाली गई। स्वयंसेवकों ने लोगों को बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ के प्रति जागरूक करते हुए मेरे जीवन का आधार-मेरी बेटी मेरा संसार, बेटे भाग्य से होते हैं, लेकिन बेटियां सौभाग्य से होती हैं।




**खरखौदा।** हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया। फोटो : हरिभूमि

## बजाना खुर्द में स्वच्छता जागरूक रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बजाना खुर्द में राष्ट्रीय सेवा शिविर में स्वंयसेवकों ने स्कूल में सफाई अभियान चलाने के साथ गांव में जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वंयसेवको ने लोगों को कूड़ा निस्तारण व साफ सफाई के बारे में जागरूक किया। उन्होंने संदेश दिया कि जहा सफाई होती है, वहां देवताओं का वास होता है। इसलिए अपने घरों के आसपास व खाली जगह में भी सफाई रखे। सफाई रखने से स्वच्छता व सुन्दरता बढ़ती है।

स्वयंसेवकों ने एनएसएस के इंचार्ज रामकुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया। स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल वर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य सेवा के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करना है।



**गन्नौर।** सेवा योजना शिविर में पौधों की साफ-सफाई करते हुए स्वयं सेवक।

## छात्रों ने दिया पर्यावरण सुरक्षित रखने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर सीनियर सैकेंडरी विद्यालय ने ओपी जिंदल ग्लोबल सिटी में नव वर्ष के उपलक्ष्य में /"ब्राइटेस्टा उत्सव/" का आयोजन किया। इस अवसर पर गीत ,संगीत, खेल प्रतियोगिताएं व नृत्य आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ आरडब्ल्यूए के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में उल्लास और आनंद का अद्वितीय संगम दिखाई दिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

सोसायटी के सदस्यों ,छात्रों, और अभिभावकों ने साथ मिलकर पौधारोपण किया और /"पृथ्वी को सुंदर व स्वच्छ बनाने में हम सब की जिम्मेदारी है और अपनी इसी जिम्मेदारी को हम पूर्ण निष्ठा के साथ निभाएंगे/" की शपथ ली। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या डा. किरण दलाल ने सोसायटी के माननीय सदस्यों को शॉल और पौधा देकर सम्मानित किया।




**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र व छात्राएं सहित अन्य। फोटो : हरिभूमि

## साइबर ठगी से बचने के लिए किया जागरूक



**गन्नौर।** सेवा योजना शिविर में पौधों की साफ-सफाई करते हुए स्वयं सेवक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पुलिस साइबर ठगों पर शिकंजा कसने के साथ लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चला रही है। युवाओं व अन्य नागरिकों को साइबर ठगी से बचाव की जानकारी दी जा रही है। साथ ही ठगी होने पर लोगों को तुरंत की जाने वाली कार्रवाई से अवगत कराया जा रहा है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव की टीम ने सुभाष चौक स्थित अकादमी में साइबर जागरूकता सेमिनार आयोजित किया। साइबर टीम से पहुंचे एसआई कमल ने बताया कि स्वयं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कर नागरिक साइबर ठगी से बच सकते है। ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। एप और बैंकिंग सिस्टम में सेंधमारी कर साइबर अपराधी नागरिकों के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। इस तरह नागरिकों को ठगी से बचाने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल तैयार किया है। जिसका एक हेल्पलाइन नंबर 1930 भी जारी किया गया है। ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ व्यक्ति जैसे ही हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत देते हैं तो जिस अकाउंट में पैसा पहुंचा होगा साइबर क्राइम डेस्क उसे फ्रीज करा देता है।

## इनेलो खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनने पर सुनील ढाका का स्वागत



**गन्नौर।** इनेलो सुप्रीमो एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. ओम प्रकाश चौटाला ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श उपरांत खेल प्रकोष्ठ के सनपेड़ा गांव के सुनील ढाका को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पहले भी सुनील ढाका पार्टी के विभिन्न पदों पर रह चुके है। उनकी नियुक्ति पर युवाओं में खुशी है। बुधवार को गांव में ढाका का फूलमालाओं से स्वागत किया। ढाका ने अपनी नियुक्ति पर इनेलो सुप्रीमो एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला, अभय सिंह चौटाला, वरिष्ठ नेता नफेसिंह का आभार व्यक्त किया। सुनील ढाका ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने कर्मठ उजार्वान युवाओं को जगह दी गई है। आज प्रदेश का युवा जो खेल में अपने भविष्य को लेकर काफी परेशान और चिंतित है और एक ऐसी पार्टी की सरकार चाहता है जो उनके भविष्य को संवार सके। ऐसे में युवा खिलाडियों के भविष्य और रोजगार देने के प्रति इनेलो पार्टी की सोच से प्रेरित होकर प्रदेश का युवा खिलाड़ी इनेलो पार्टी में अपना विश्वास जता रहा है। इस मौके पर काफी संख्या में युवा मौजूद थे।

## 400 जरूरतमंद को कम्बल बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

विधायक निर्मल चौधरी के रेलवे रोड स्थित आवास पर बुधवार को हलके के 400 जरूरतमंद महिलाओं व पुरषों की कम्बल वितरित किए। विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र चौधरी अपने आवास पर आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान की कृपा से वे पिछल्ले करीब 25 वर्षों से सर्दी के सीजन में जरूरतमंदों को कम्बल वितरण का करते आ रहे है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष भी उन्होंने करीब 8000 महिलाओं महिलाओं व पुरूषों को कम्बल वितरित किए थे और इस वर्ष उनका टारगेट 10 हजार कम्बल वितरण करने का है। कोई भी गरीब सरकार की योजनाओं से अछूता न रहे। कम्बल लेने आई संतोष ,भतेरी, पनमेसरी व किताबो ने इस कार्य की सराहना की।



**गन्नौर।** सुरेन्द चौधरी अपने आवास पर महिलाओं को कम्बल वितरित करते हुए।

## कश्मीर से आई सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा का किया स्वागत




**गन्नौर।** प्रयास इंटरनेशनल स्कूल से विद्यार्थियों को यात्रा के लिए रवाना करते डीसीपी गौरव राजपुरोहित व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

कश्मीर से आई सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा बुधवार को जीटी रोड स्थित प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में पहुंची। यात्रा में शामिल छात्र-छात्राओं का स्कूल में पहुंचने पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में डीसीपी गौरव राजपुरोहित ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि एसीपी गन्नौर गौरखपाल राणा, गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार व जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य योगेश कौशिक विशिष्ठ अतिथि के रूप में पहुंचे। डीसीपी गौरव राजपुरोहित ने युवाओं को देश प्रेम व एक दूसरे की संस्कृति का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों का स्कूल निदेशक अमित बत्रा, प्राचार्य कृष्ण मलिक व रजिस्ट्रार डा. मनोज ने स्वागत किया। इसके बाद डीसीपी गौरव राज पुरोहित ने विद्यार्थियों को यात्रा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा पहले गन्नौर रेलवे स्टेशन पर पहुंची जहां नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी, लायंस क्लब के प्रधान विकास भगवति व क्लब के सदस्यों ने यात्रा में शामिल छात्रों को सम्मानित किया। इंडियन मीडिया सेंटर सोनीपत के प्रधान नरेन्द्र शर्मा, यात्रा कोर्डिनेटर पवन राठी व उपप्रधान आशीष मुदगिल ने अतिथियों का आभार किया।

### पूर्व मंत्री कविता जैन ने गांव राजपुर में जनसंवाद कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# यात्रा का सनपेड़ा में पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत

- ग्रामीणों व विद्यार्थियों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को सनपेड़ा व राजपुर गांव में पहुंची और लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ देते हुए जागरूक किया।

इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। लाभार्थी एक ही स्थान पर अपनी समस्याओं के समाधान व योजनाओं का लाभ मिलने से खुश नजर आए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ सनपेड़ा गांव में भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा, गांव राजपुर में करते हुए पूर्व मंत्री कविता जैन ने कार्यक्रम में लगाई गई विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे योजनाओं का अधिकाधिक लाभ ग्रामीणों को प्रदान करें। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों व विद्यार्थियों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई। सनपेड़ा गांव में पहुंचने पर नेहरा का भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा का गांव के सरपंच प्रमोद ढाका ने स्वागत किया। पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्राह्व अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शुरू की गई है। यात्रा को लेकर समय-समय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन अदभुत रहा है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलेंडर तथा गैस चूल्हे वितरित करने के साथ-साथ अन्य लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड, प्रोपर्टी कार्ड तथा पेंशन पत्र भी वितरित किए। जनसंवाद कार्यक्रम में भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा, पूर्व मंत्री कविता जैन ने गांव की गर्भवती महिलओं का फल भी वितरित किए।

इस अवसर पर बीडीपीओ जितेन्द्र चौहान, ब्लॉक समिति मुरथल के चेयरमैन संजय, गांव सनपेड़ा के सरपंच प्रमोद ढाका, गांव राजपुर के सरपंच कपिल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे। संकल्प यात्रा के दौरान खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से कोई भी अधिकारी व कर्मचारी सनपेड़ा गांव में नही पहुंचा। गांव का डिपो धारक ही बिना फ्लैक्स के डिपो पर मिलने वाले सामान की प्रदर्शनी लगाई, जिसे लोगों ने पसंद किया।



**गन्नौर।** संकल्प यात्रा में सनपेड़ा सरपंच प्रमोद ढाका भाजपा नेता आजद सिंह नेहरा का बूके देकर स्वागत करते हुए।

**सरपंच ग्राम पंचायत भैंसवान खुर्द**
**खण्ड कथूरा, तह. गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा)**
**मो. 9813281515, 8168484183**

**सूचना**

ग्राम पंचायत भैंसवान खुर्द में शिवानी S/o बलवंत के मकान से लेकर फिरनी तक गली का निर्माण कार्य किया जाना है। जिसका प्राकलन 416000/- रुपये का है। जिसकी लेबर की Dnit 37522/- रुपये की है। इच्छुक Agency/ Contractor सरपंच श्री सुनील ग्राम पंचायत भैंसवान खुर्द को लेबर कोटेशन दिनांक 8.1.2024 को सामान्य चौपाल में 11:00 AM से 4:30 PM तक जमा करवायें।

नोटः मैटेरियल ग्राम पंचायत द्वारा सप्लाई करवाया जाएगा।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत भैंसवान खुर्द
तह. गोहाना (सोनीपत)

# ढाबे के कर्मी को गोली मारने वालों का सुराग नहीं

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के भिगान गांव के पास स्थित ढाबे में तोड़फोड़ करने व गोली मारकर कर्मचारी को घायल करने की वारदात में पुलिस टीमों को दूसरे दिन भी कुछ खास हाथ नहीं लगा है। हमलावर जिस गाड़ी में ढाबे पर आए थे उक्त गाड़ी को अलीगढ़ निवासी को बेचा गया है। जिसको लेकर पुलिस टीमे लगातार सर्च अभियान चलाएं हुए है। पुलिस ने मामले में हत्या प्रयास सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया हुआ है। गांव सांदल कलां निवासी बिजेंद्र ने गत 2 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह जीटी रोड भिगान के पास स्थित ढाबे पर बतौर सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। वह नववर्ष एक जनवरी 2024 को ढाबे पर डयूटी पर तैनात था। रात करीब 11.30 बजे ढाबे पर 2-3 लड़के व दो लड़कियां आई हुई थी। जिनमें से एक युवक बीयर पी रहा था। कर्मचारियों ने उसे ऐसा करने से मना किया तो लड़के झगड़ा करने लगे। मामले को लेकर डायल-112 पर कॉल की तो एक लड़के ने देख लेने की धमकी दी। उसके बाद कार में बैठकर फरार हो गए। अल सुबह दो जनवरी को करीब 2.45 बजे वहीं लड़के अपने 6-7 दोस्तों के साथ ढाबे पर आए। ढाबे के मैन गेट के आगे के सामान की तोड़ फोड़ करने लगे। उसके बाद तीन लड़के अंदर आए। जिस लड़के को ढाबे पर बीयर पीने से मना किया था। वह लड़का हाथ में पत्थर व दूसरे हाथ में ईंट लेकर अंदर पहुंचा। जबकि तीसरे लड़के के हाथ में पिस्तौल थी। ढाबे पर तैनात कर्मचारियों को गाली देते हुए पत्थर व ईंट फेंकना शुरू कर दी। हथियार लेकर आए युवक ने जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। एक के बाद एक दो गोलियां चलाई, जोकि उसके पैर में जा लगी। उसके बाद सभी लड़के जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसके बाद कर्मचारियों ने पीछा किया तो बाहर निकले के बाद फिर से हवाई फायर किया। उसके बाद कार में बैठक फरार हो गए। साथ कर्मचारियों ने मामले को लेकर ढाबा संचालक को अवगत करवाया। उसके बाद घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे निजी अस्पताल में लाया गया।

- **आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही पुलिस**

### आरोपियों की कार से मिला अहम सुराग

हमलावरों की तलाश के लिए टीमें दबिश दे रही है। जिस कार में युवक भागे है, उक्त कार को अलीगढ़ निवासी को बेचा गया है। साइबर सेल की मदद ली जा रही है। जल्द से जल्द हमलावरों को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। -संदीप धनखड़, एसीपी, सोनीपत

## भौरा रसूलपुर के खेतों में युवक का शव मिलने से सनसनी

**गन्नौर।** भौरा रसूलपुर गांव में 25 वर्षीय युवक का शव गांव के खेत में पड़ा मिला। सूचना के बाद गन्नौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले। जिसके बाद पुलिस ने शव का सोनीपत के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया। वहीं मृतक के स्वजन हत्या की आशंका जता रहे हैं, लेकिन पुलिस का कहना है कि बिसरा रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी अनुसार भौरा रसूलपुर गांव का रहने वाला 25 वर्षीय मनजीत प्राइवेट नौकरी में काम करता था। कुछ ही दिन पहले वह अपनी पत्नी को घर छोड़ कर आया था। बुधवार की सुबह उसका शव गांव के खेत में पड़ा मिला। पुलिस को मौके पर शराब की बोतल भी बरामद हुई, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। पोस्टमार्टम के बाद देर शाम को मनजीत का शव गांव में पहुंचा। जिसके बाद स्वजन ने मनजीत के शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इसकी सूचना मिलने के बाद गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार मौके पर पहुंचे और स्वजन से बातचीत कर उन्हें निष्पक्ष जांच को आश्वस्त किया, इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार को राजी हुए।







